एफ. सं. 1704813/1/2022- वित्तीय वर्ष ( समन्वय ) (ई-21449)

भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

मत्स्यपालन विभाग

चंद्रलोक बिल्डिंग, ग्राउंड फ्लोर,
36, जनपथ , नई दिल्ली-110001.
दिनांक 08 अगस्त , 2024

**कार्यालय ज्ञापन**

विषय: **मत्स्यपालन विभाग द्वारा जुलाई, 2024 माह के दौरान कि गए प्रमुख गतिविधियों और मंत्रालयों/विभागों द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का मासिक सारांश मंत्रिमंडल को प्रेषित करने के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को उपर्युक्त विषय पर मंत्रिमंडल सचिवालय के दिनांक 19 अगस्त, 2019 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 1/26/1/2018-कैब का संदर्भ लेने तथा जुलाई, 2024 माह के लिए मत्स्यपालन विभाग का मासिक सारांश प्रसारित करने का निर्देश हुआ है , जिसमें की गई प्रमुख गतिविधियां,महत्वपूर्ण निर्णय और मंत्रिमंडल समिति/ समितियों के निर्णयों पर की गई कार्रवाई के संबंध में प्रगति सूचनार्थ संलग्न है।

यथोक्त: संलग्नक

(डॉ. एंसी मैथ्यू एनपी)
सहायक आयुक्त (मात्स्यिकी)

प्रति
मंत्रिमंडल के सभी सदस्य

**प्रतिलिपि**

1. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110001 (ध्यानार्थ: श्री पुनीत कंसल, अपर सचिव)
2. प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव
3. राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली
4. उप-राष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली
5. प्रेस सूचना अधिकारी, सूचना एवं प्रसारण मंत्री, शास्त्री भवन, नई दिल्ली
6. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव
7. सलाहकार, कृषि कार्यक्षेत्र, नीति आयोग, नीति भवन, नई दिल्ली

**सूचनार्थ प्रतिलिपि:**

1. माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री के निजी सचिव
2. मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी के लिए माननीय राज्य मंत्री के निजी सचिव
3. सचिव, मत्स्यपालन विभाग के प्रधान निजी सचिव
4. अपर सचिव एवं वित्त सलाहकार के प्रधान निजी सचिव
5. मत्स्यपालन विभाग के संयुक्त सचिवों के प्रधान निजी सचिव
6. तकनीकी निदेशक, एनआईसी डीओएफ को विभाग की वेबसाइट पर संलग्न दस्तावेज अपलोड करने के अनुरोध के साथ।

**मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय में जुलाई, 2024 माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां**

1. मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के नेतृत्व में एवं मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल और श्री जॉर्ज कुरियन की गरिमामयी उपस्थिति में मत्स्यपालन विभाग (भारत सरकार) द्वारा फिशेरीस सम्मर मीट 2024 का आयोजन किया गया। 12 जुलाई, 2024 को मदुरै, तमिलनाडु में आयोजित इस सम्मर मीट में विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मात्स्यिकी विभागों के माननीय राज्य मात्स्यिकी मंत्रियों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया। इस सम्मर मीट में निधि के उपयोग तथा उत्पादन और उत्पादकता के मुद्दों के संबंध में राज्य सरकार/केंद्र शासित प्रदेशों की अपेक्षाओं पर विचार-विमर्श किया गया।

2. 18 जुलाई, 2024 को तटीय जलकृषि प्राधिकरण (सीएए) के अध्यक्ष, न्यायमूर्ति श्री अमर सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से सीएए की अठ्हत्तरवीं (78 वीं) बैठक की अध्यक्षता की।

3. 01 जुलाई, 2024 को मत्स्यपालन विभाग के सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से तटीय सुरक्षा एजेंसियों और तटीय राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ मात्स्यिकी से संबंधित मामलों पर चर्चा और समीक्षा के लिए 5वीं बैठक की अध्यक्षता की।

4. 3 जुलाई को मत्स्यपालन विभाग के सचिव ने कृषि भवन, नई दिल्ली में आयोजित सचिवों के क्षेत्रीय समूहों/ सेक्टरल ग्रुप्स ऑफ सेक्रेटरीस (एसजीओएस ) की - 5 वर्षीय कार्य योजनाओं 2024-2029 की समीक्षा प्रस्तुति में भाग लिया।

5. मत्स्यपालन विभाग के सचिव और संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) ने 08 से 12 जुलाई 2024 तक रोम, इटली में मात्स्यिकी समिति/ कमेटी ऑन फिशेरीस (सीओएफआई) के 36 वें सत्र में भाग लिया।

6. मत्स्यपालन विभाग के सचिव ने 10 जुलाई, 2024 को प्रधानमंत्री कार्यालय, नई दिल्ली में माननीय प्रधानमंत्री के सलाहकार श्री तरुण कपूर की अध्यक्षता में "दक्षिणी महासागर की मात्स्यिकी से देश की नीली अर्थव्यवस्था के लिए संभावनाएं" / "सदर्न ओशियन फिशेरीस फॉर प्रोस्पेक्टिंग द ब्लू इकोनोमी ऑफ दी कंट्री" पर बैठक में भाग लिया।

7. 10 जुलाई, 2024 को मत्स्यपालन विभाग के सचिव ने राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह 2024 पर आयोजित बैठक में भाग लिया।

8. 29 जुलाई 2024 को मत्स्यपालन विभाग के सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से तटीय सुरक्षा एजेंसियों और तटीय राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ मात्स्यिकी से संबंधित मामलों पर चर्चा और समीक्षा के लिए छठी बैठक की अध्यक्षता की।

9. 15 जुलाई, 2024 को संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) और संयुक्त सचिव (अंतर्देशीय मात्स्यिकी) ने माननीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली में आयोजित बैठक में भाग लिया, जिसमें एफआईडीएफ और झींगा ब्रूडस्टॉक से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई।

10. 16 जुलाई, 2024 को संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) ने वाणिज्य भवन, नई दिल्ली में वाणिज्य विभाग में अंटार्कटिक क्षेत्र में कमेर्शियल फिशिंग से संबंधित मुद्दों पर अनुवर्ती बैठक में भाग लिया।

11. 20 जुलाई, 2024 को श्री पीयूष गोयल, माननीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री की अध्यक्षता में संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से विश्व व्यापार संगठन/वर्ल्ड ट्रेड ओर्गेनाईजेशन (डब्ल्यूटीओ) की आम परिषद की बैठक की समीक्षा में भाग लिया।

12. 23 जुलाई, 2024 को संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) ने दूरदर्शन (डीडी) किसान स्टूडियो, नई दिल्ली में केंद्रीय बजट 2024 पर लाइव चर्चा में भाग लिया ।

13. संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) ने नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली में गृह मंत्रालय के सचिव (सीमा प्रबंधन) की अध्यक्षता में तटीय सुरक्षा पर अंतर-मंत्रालयी समिति (आईएमसी) की तीसरी बैठक में भाग लिया।

14. 30 जुलाई, 2024 को संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) ने सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली में राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा समन्वयक / नेशनल मैरिटाईम सेक्युरिटी को ओरडीनेटर (एनएमएससी) की अध्यक्षता में समुद्री क्षेत्र में नेविक सेवाओं की ओर माईग्रेशन पर बैठक में भाग लिया।

15. 2 जुलाई, 2024 को संयुक्त सचिव (अंतर्देशीय मात्स्यिकी) ने विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन द्वारा आयोजित पशु चिकित्सा सेवा मिशन-जलीय जीव स्वास्थ्य के प्रदर्शन पर एक वेबिनार की अध्यक्षता की ।

16. 26 जुलाई , 2024 को संयुक्त सचिव (अंतर्देशीय मात्स्यिकी) ने ऑस्ट्रेलिया सरकार के कृषि, मात्स्यिकी और वानिकी विभाग द्वारा भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच आर्थिक और सहयोग व्यापार समझौते के तहत जैव सुरक्षा और जलीय पशु स्वास्थ्य प्रबंधन के क्षेत्रों में तकनीकी सहयोग पर एक वेबिनार की अध्यक्षता की।

17. 3 जुलाई, 2024 संयुक्त सचिव (अंतर्देशीय मात्स्यिकी) ने मात्स्यिकी अवसंरचना एवं विकास निधि/फिशेरीस इनफ्रास्ट्रक्चर (एफआईडीएफ) की केंद्रीय अनुमोदन और निगरानी समिति की 18 वीं बैठक की अध्यक्षता की।

18. 25 जुलाई, 2024 को संयुक्त सचिव (अंतर्देशीय मात्स्यिकी) ने एलआईएसी-एनसीडीसी मात्स्यिकी व्यवसाय इनक्यूबेशन सेंटर (एलआईएफआईसी), गुरुग्राम द्वारा आयोजित मात्स्यिकी क्षेत्र पर एक वेबिनार की अध्यक्षता की ।

19. 16 जुलाई, 2024 को संयुक्त सचिव (अंतर्देशीय मात्स्यिकी) ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से मीठे पानी की जलीय कृषि में न्यूक्लियस ब्रीडिंग सेंटर (एनबीसी) की वर्तमान स्थिति और इसके भविष्य का मूल्यांकन करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति के गठन पर पहली बैठक की अध्यक्षता की।

20. संयुक्त सचिव (अंतर्देशीय मात्स्यिकी) ने केंद्रीय खारा जलकृषि संस्थान/सेंट्रल इन्स्टीट्यूट ऑफ ब्रेकिशवॉटर एकूयाकल्चर (सिबा) द्वारा पीएमएमकेएसएसवाई के अंतर्गत जलकृषि बीमा उत्पाद विकास पर आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता की।

21. एनएफडीबी ने 48 प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम, 72 आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए, उपर्युक्त कार्यक्रमों में क्रमशः 22,000 और 55,725 व्यक्तियों ने भाग लिया।

22. भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण (एफएसआई) के क्षेत्रीय निदेशक और वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायकों ने 8 से 12 जुलाई, 2024 तक नेरिटिक ट्यूना पर हिंद महासागर टूना आयोग (आईओटीसी) कार्यकारी दल की बैठक के 14 वें सत्र में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से भाग लिया।

23. तटीय जलकृषि प्राधिकरण/ कोस्टल एक्काकल्चर एथोरटी (सीएए) ने तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, गुजरात, ओडिशा, कर्नाटक और केरल राज्यों/संघ शासित प्रदेशों से प्राप्त पंजीकरण और पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए 443 आवेदनों और इनपुट निर्माताओं से प्राप्त एंटीबायोटिक मुक्त जलकृषि इनपुट के लिए अनुपालन प्रमाणपत्र जारी करने के लिए 317 आवेदनों सहित 760 आवेदनों पर कार्रवाई की । फार्मों और हैचरियों के लिए 628 दौरे किए गए और पश्चिम बंगाल और केरल के मात्स्यिकी अधिकारियों, किसानों, हैचरी संचालकों और अन्य हितधारकों को सीएए (संशोधन) अधिनियम, नियमों और दिशानिर्देशों के बारे में जागरूक किया गया।

24. सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ कोस्टल इंजीनियरिंग फॉर फिशेरी (साईसेफ) ने स्मार्ट और इंटीग्रेटेड फिशिंग हार्बर के पहलुओं के साथ तमिलनाडु में चिन्नामुट्टम फिशिंग हार्बर के आधुनिकीकरण के लिए मत्स्यपालन विभाग को तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता रिपोर्ट (टीईएफआर) तैयार करके प्रस्तुत की।

25. जुलाई, 2024 माह के दौरान केंद्रीय मात्स्यिकी नौचालन एवं इंजीनियरिंग प्रशिक्षण संस्थान/सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशेरीस नौटिकल एंड इंजीनियरिंग ट्रेनिंग (सिफनेट) ने कुल 12 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किए, जिनमें 504 मछुआरों और भारतीय तटरक्षक बल के 12 सहायक कमांडेंटों के लिए 3 नियमित पाठ्यक्रम और 8 मछुआरा प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हैं।

26. राष्ट्रीय मात्स्यिकी पोस्ट हार्वेस्ट प्रौद्योगिकी एवं प्रशिक्षण संस्थान/नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशेरीस पोस्ट हार्वेस्ट टेकनोलोजी एंड ट्रेनिंग (निफैट) ने 69 समुद्री मछुआरे महिलाओं/पुरुषों के लिए पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

27. मत्स्यपालन विभाग के लिए सीपीजीआरएएमएस पोर्टल के अंतर्गत शिकायत निपटान 31 जुलाई, 2024 तक 96% था ।

***